# PHILOSOPHY

## PAPER—II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt all of them.

1 . *'tena tyaktena bhuñjithah'* - this saying is taken from :

(A) Kaṭhopaniṣad (B) Bṛhadaraṇyaka Upniṣad

(C) Īśopniṣad (D) Chandyogyopaniṣad

2 . *Aśvamedha Yajña* is a type of :

(A) Paśuyajña (B) Iṣṭiyajña

(C) Somayajña (D) Rajasuyayajña

3 . Who has propounded the theory of pure being ?

(A) Heraclitus (B) Thales

(C) Anaximander (D) Parmenides

4 . Who claims that - 'Man is the measure of all things' ?

(A) Socrates (B) Aristotle

(C) Kant (D) Protagoras

5 . 'All knowledge is knowledge through Concepts' - is the view of :

(A) Zeno (B) Xenophanes

(C) Heraclitus (D) Socrates

6 . Who has propounded the Number Theory ?

(A) Zeno (B) Aristotle

(C) Kant (D) Pythagoras

7 . Who has propounded atomism ?

(A) Socrates (B) Aristotle

(C) Democritus (D) Thales

8 . That the World-stuff is water, is the view of :

(A) Socrates (B) Democritus

(C) Thales (D) Pythagoras

www.examrace.com

## दर्शनशास्त्र

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. ***"तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः"*** यह कथन लिया गया है :
   - (A) कठोपनिषद् से
   - (B) बृहदारण्यकोपनिषद् से
   - (C) ईशोपनिषद् से
   - (D) छान्दोग्योपनिषद् से

2. ***अश्वमेधयज्ञ*** एक प्रकार है :
   - (A) पशुयज्ञ का
   - (B) इष्टियज्ञ का
   - (C) सोमयज्ञ का
   - (D) राजसूययज्ञ का

3. शुद्धसत् के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया है?
   - (A) हेराक्लाइटस
   - (B) थेलीज
   - (C) एनेक्जीमेण्डर
   - (D) पारमेनाइडीज

4. कौन कहता है कि, 'मनुष्य सभी वस्तुओं का मापदण्ड है'?
   - (A) सुकरात
   - (B) अरस्तू
   - (C) काण्ट
   - (D) प्रोटागोरस

5. सभी ज्ञान प्रत्ययात्मक है – यह मत है :
   - (A) जीनो
   - (B) जेनोफेनीज
   - (C) हेराक्लाइटस
   - (D) सुकरात

6. संख्या सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया है?
   - (A) जीनो
   - (B) अरस्तू
   - (C) काण्ट
   - (D) पाइथागोरस

7. परमाणुवाद का प्रतिपादन किसने किया है?
   - (A) सुकरात
   - (B) अरस्तू
   - (C) डेमाक्रिटस
   - (D) थेलीज

8. जगत् का मूलद्रव्य जल है, यह मत है :
   - (A) सुकरात
   - (B) डेमाक्रिटस
   - (C) थेलीज
   - (D) पाइथागोरस

www.examrace.com

9. Where does the notion of Ratha Rupaka (a simile of chariot) occur while discussing the conception of Ātman ?

(A) Veda (B) Nyaya Sutra

(C) Kathopaniṣad (D) Ishavasyopaniṣad

10. Who concentrated upon and realized matter as Brahman ?

(A) Brighu of Taittiriyaupaniṣad (B) Varuna

(C) Indra (D) Shvetaketu

11. Who has admitted Kama as ultimate value of life ?

(A) Nyaya (B) Jainism (C) Carvaka (D) Buddhism

12. Who has propounded the concept of *Triratna* ?

(A) Nyaya (B) Buddhism (C) Jainism (D) Yoga

13. Which of the following elements does not exist in Carvaka system ?

(A) Earth (B) Fire (C) Ether (D) Air

14. Knowledge according to Jainism, is capable of manifesting :

(A) itself

(B) everything other than itself

(C) itself and otherthings too

(D) neither itself nor the otherthings

15. 'This being that arises' *(Asmin Sati, idam Bhavati)* is associated with :

(A) Asatkaryavada (B) Satkaryavada

(C) Ajativada (D) Pratitya Samutpadavada

16. Syadvada propounds :

(A) Scepticism (B) Relativism

(C) Empiricism (D) Rationalism

17. Which one of the following systems propounds that *Sattva, rajas* and *tamas* are the constituents of Prakṛti ?

(A) Advaita Vedanta (B) Samkhya

(C) Nyaya (D) Viśiṣtadvaita

18. Who has propounded the doctrine of Ārambhavada ?

(A) Samkhya (B) Nyaya (C) Advita Vedanta (D) Carvaka

www.examrace.com

9. आत्मा की अवधारणा का विवेचन करते समय रथ के रूपक का प्रयोग कहाँ हुआ है?

(A) वेद (B) न्याय सूत्र

(C) कठोपनिषद् (D) ईशावास्योपनिषद्

10. किसने तप करके अन्न को ब्रह्म के रूप में जाना?

(A) तैत्तिरीयोपनिषद् का भृगु (B) वरुण

(C) इन्द्र (D) श्वेतकेतु

11. जीवन के परम मूल्य के रूप में काम को किसने स्वीकार किया है?

(A) न्याय (B) जैन (C) चार्वाक (D) बौद्ध

12. त्रिरत्न की अवधारणा का प्रतिपादन किसने किया है?

(A) न्याय (B) बौद्ध (C) जैन (D) योग

13. चार्वाक दर्शन के मतानुसार अधोलिखित तत्त्वों में से किस तत्त्व का अस्तित्व नहीं है?

(A) पृथ्वी (B) अग्नि (C) आकाश (D) वायु

14. जैन दर्शन के अनुसार ज्ञान :

(A) स्वयं को प्रकाशित करने में समर्थ है

(B) स्वयं के अतिरिक्त अन्य सभी को, प्रकाशित करने में समर्थ है

(C) स्वयं को और सबको प्रकाशित करने में समर्थ है

(D) न तो अपने को प्रकाशित करने में समर्थ है और न अन्य को प्रकाशित करने में समर्थ है

15. 'अस्मिन्सति इदं भवति' – से सम्बद्ध है :

(A) असत्कार्यवाद (B) सत्कार्यवाद

(C) अजातिवाद (D) प्रतीत्यसमुत्पादवाद

16. स्याद्वाद प्रतिपादित करता है :

(A) संशयवाद (B) सापेक्षतावाद

(C) अनुभववाद (D) बुद्धिवाद

17. निम्नलिखित में से कौन सा दर्शन सत्त्व, रजस् और तमस् को प्रकृति का संघटक मानता है?

(A) अद्वैत वेदान्त (B) सांख्य

(C) न्याय (D) विशिष्टाद्वैत

18. आरम्भवाद के सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया है?

(A) सांख्य (B) न्याय (C) अद्वैत वेदान्त (D) चार्वाक

www.examrace.com

19. Who has propounded internal aids (antaraṅga sadhana) to yoga ?

(A) Nagarjuna (B) Gandhi (C) Patañjali (D) Tagore

20. Who has propounded Samavaya relation (inherence) between part and whole ?

(A) Nyaya (B) Buddhism (C) Jainism (D) Carvaka

21. Who has propounded Shunyavada ?

(A) Nagarjuna (B) Ashvaghosa (C) Vasubandhu (D) Dinnaga

22. Who is the father of ignorance, according to Sri Aurobindo ?

(A) Supermind (B) Mind (C) Overmind (D) Highermind

23. What is the link between Absolute and World, according to Sri Aurobindo ?

(A) Psychic Being (B) Supermind (C) Overmind (D) Mind

24. Who has propounded that, 'All life is essentially yoga' ?

(A) Gandhi (B) Vivekananda

(C) Sri Aurobindo (D) J. Krišhnamurti

25. Who has propounded that truth and non-violence are the two sides of the same coin ?

(A) Tagore (B) Gandhi

(C) Iqbal (D) Sri Aurobindo

26. According to Sri Aurobindo soul or psychic element emerges between :

(A) Mind and Highermind (B) Life and Mind

(C) Matter and Life (D) Overmind and Supermind

27. Who has propounded that 'Though all our knowledge begins in experience, it does not mean that it ends in experience' ?

(A) Descrates (B) Spinoza (C) Hume (D) Kant

28. Who has propounded that the end does not justify the means ?

(A) Marx (B) K.C. Bhattacharya (C) Gandhi (D) Carvaka

www.examrace.com

19. योग के अन्तरंग साधनों का प्रतिपादन किसने किया है?

(A) नागार्जुन (B) गाँधी (C) पतंजलि (D) टैगोर

20. अवयव और अवयवी के बीच समवाय सम्बन्ध का प्रतिपादन किसने किया है?

(A) न्याय (B) बौद्ध (C) जैन (D) चार्वाक

21. शून्यवाद का प्रतिपादन किसने किया है?

(A) नागार्जुन (B) अश्वघोष (C) वसुबन्धु (D) [illegible]

22. श्री अरविन्द के अनुसार अज्ञान का जनक कौन है?

(A) अतिमन (B) मन (C) ऊर्ध्वमन (D) उच्चतरमन

23. श्री अरविन्द के अनुसार परमसत् और जगत् के मध्य कड़ी क्या है?

(A) चैत्य पुरुष (B) अतिमन (C) ऊर्ध्वमन (D) मन

24. किसने प्रतिपादित किया है कि, 'सम्पूर्ण जीवन तत्वतः योग है'?

(A) गाँधी (B) विवेकानन्द

(C) श्री अरविन्द (D) जे. कृष्णमूर्ति

25. किसने प्रतिपादित किया है कि, सत्य और अहिंसा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं?

(A) टैगोर (B) गाँधी

(C) इकबाल (D) श्री अरविन्द

26. श्री अरविन्द के अनुसार आत्मा या चैत्य तत्त्व का आविर्भाव होता है :

(A) मन और उच्चतर मन के मध्य (B) प्राण और मन के मध्य

(C) जड़ और प्राण के मध्य (D) ऊर्ध्वमन और अतिमन के मध्य

27. यह किसने प्रतिपादित किया है कि, 'यद्यपि हमारे सम्पूर्ण ज्ञान का प्रारम्भ अनुभव से होता है परन्तु इसका तात्पर्य यह नहीं है कि, इसका पर्यवसान अनुभव में होता है'?

(A) देकार्त (B) स्पिनोज़ा (C) ह्यूम (D) काण्ट

28. यह किसने प्रतिपादित किया है कि, साध्य, साधन के अनौचित्य को पवित्र नहीं बना सकता है?

(A) मार्क्स (B) के.सी. भट्टाचार्य (C) गाँधी (D) चार्वाक



www.examrace.com

29. Which of the following pairs is *not* correctly matched ?

(A) Bradley - Appearance and Reality

(B) Hussrel - Existentialism and Humanism

(C) Spinoza - Ethics

(D) Russell - My philosophical development

30. Which of the following pairs is *not* correct ?

(A) Kant - Critique of Practical Reason

(B) Bradley - Ethical Studies

(C) Hegel - The Republic

(D) Mill - Utilitarianism

31. What is the right sequence according to Sri Aurobindo ?

(A) Matter, Life, Mind, Higher Mind

(B) Higher Mind, Life, Matter, Mind

(C) Mind, Life, Matter, Higher Mind

(D) Life, Mind, Higher Mind, Matter

32. What is the correct sequence of Triple transformation according to Sri Aurobindo ?

(A) Psychic Transformation, Spiritual Transformation and Supramental Transformation

(B) Spiritual Transformation, Psychic Transformation and Supramental Transformation

(C) Supramental Transformation, Psychic Transformation and Spiritual Transformation

(D) None of these

33. What is the right sequence of Triple process of evolution according to Sri Aurobindo ?

(A) Widening, Heightening and Integration

(B) Heightening, Widening and Integration

(C) Integration, Widening and Heightening

(D) None of these

34. Which of the following pairs is correctly matched ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | Theory of Idea | - | Aristotle |
| (B) | Faith and Reason | - | Protagoras |
| (C) | Atomism | - | Democritus |
| (D) | Form and Matter | - | Plato |

www.examrace.com

29. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

(A) ब्रैडले – अपीयरेन्स एण्ड रीयलिटी

(B) हुसरल – इक्ज़ीस्टेन्सियलिज्म एण्ड ह्यूमेनिज्म

(C) स्पिनोज़ा – इथिक्स

(D) रसेल – माई फिलासाफिकल डेवलेपमेन्ट

30. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा सही **नहीं** है?

(A) काण्ट – क्रिटिक आफ प्रैक्टिकल रीजन

(B) ब्रैडले – इथिकल स्टडीज

(C) हेगेल – रिपब्लिक

(D) मिल – यूटिलिटेरियनिज्म

31. श्री अरविन्द के अनुसार सही क्रम क्या है?

(A) जड़, प्राण, मन, उच्चतर मन

(B) उच्चतर मन, प्राण, जड़, मन

(C) मन, प्राण, जड़, उच्चतर मन

(D) प्राण, मन, उच्चतर मन, जड़

32. श्री अरविन्द के अनुसार त्रिविध रूपान्तरण का सही क्रम क्या है?

(A) चैत्य रूपान्तरण, आध्यात्मिक रूपान्तरण तथा अतिमानसिक रूपान्तरण

(B) आध्यात्मिक रूपान्तरण, चैत्य रूपान्तरण एवं अतिमानसिक रूपान्तरण

(C) अतिमानसिक रूपान्तरण, चैत्य रूपान्तरण एवं आध्यात्मिक रूपान्तरण

(D) इनमें से कोई नहीं

33. श्री अरविन्द के अनुसार विकास की त्रिविध प्रक्रिया का सही क्रम क्या है?

(A) विस्तारण, उन्नयन एवं समाकलन

(B) उन्नयन, विस्तारण एवं समाकलन

(C) समाकलन, विस्तारण एवं उन्नयन

(D) इनमें से कोई नहीं

34. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है?

(A) प्रत्यय सिद्धान्त – अरस्तू

(B) आस्था एवं तर्कबुद्धि – प्रोटागोरस

(C) परमाणुवाद – डेमाक्रिटस

(D) आकार एवं उपादान – प्लेटो

www.examrace.com

35. Which of the following pairs is correctly matched ?

(A) K.C. Bhattacharya - Universal Religion

(B) Sri Aurobindo - Integral Advaitism

(C) Iqbal - Grades of Theoretic Consciousness

(D) Radhakrishnan - Religion of Man

36. What is the correct sequence of the following ?

(i) *Anumiti* (ii) *Pakṣadharmatajñana*

(iii) *Vyaptijñana* (iv) *Paramarśajñana*

(A) (ii) (iv) (iii) (i) (B) (i) (ii) (iii) (iv)

(C) (ii) (iii) (iv) (i) (D) (iv) (ii) (iii) (i)

37. The theory of error advocated by the Naiyayikas is known as :

(A) *Vivekakhyativada* (B) *Akhyativada*

(C) *Anirvacaniyakhyativada* (D) *Anyathakhyativada*

38. 'Sound is eternal because it is produced' – this argument involves the fallacy of :

(A) *Badhita* (B) *Asiddha*

(C) *Viruddha* (D) *Satpratipakṣa*

39. What is the correct sequence of the followings ?

(i) *Namarupa* (ii) *Avidya*

(iii) *Saṁskara* (iv) *Vijñana*

(A) (i) (ii) (iii) (iv) (B) (iii) (ii) (iv) (i)

(C) (ii) (iii) (iv) (i) (D) (ii) (iv) (iii) (i)

40. Assertion (A) : For Kant, the world is empirically real but transcendentally ideal.

Reason (R) : Realism about the empirical world is supported by Kant's theory of space and time.

Identify which one of the following is the correct answer.

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) (A) is true, (R) is false

(D) (A) is false, but (R) is true

www.examrace.com

35. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है?

(A) के.सी. भट्टाचार्य -- सार्वभौम धर्म

(B) श्री अरविन्द -- समग्र अद्वैतवाद

(C) इकबाल -- सैद्धान्तिक चेतना के स्तर

(D) राधाकृष्णन् -- मानवधर्म

36. निम्नलिखित में कौनसा क्रम सही है?

(i) अनुमिति (ii) पक्षधर्मताज्ञान

(iii) व्याप्तिज्ञान (iv) परामर्शज्ञान

(A) (ii) (iv) (iii) (i) (B) (i) (ii) (iii) (iv)

(C) (ii) (iii) (iv) (i) (D) (iv) (ii) (iii) (i)

37. नैयायिकों द्वारा प्रतिपादित ख्याति का सिद्धान्त है :

(A) विवेक ख्यातिवाद (B) असत्ख्यातिवाद

(C) अनिर्वचनीय ख्यातिवाद (D) अन्यथा ख्यातिवाद

38. 'शब्द नित्य है क्योंकि इसकी उत्पत्ति होती है।' इस तर्क में जो हेत्वाभास है वह है :

(A) बाधित (B) असिद्ध

(C) विरुद्ध (D) सत्प्रतिपक्ष

39. निम्नलिखित में से कौनसा सही क्रम है?

(i) नाम-रूप (ii) अविद्या

(iii) संस्कार (iv) विज्ञान

(A) (i) (ii) (iii) (iv) (B) (iii) (ii) (iv) (i)

(C) (ii) (iii) (iv) (i) (D) (ii) (iv) (iii) (i)

40. अभिकथन (A) : कान्ट के अनुसार जगत व्यावहारिक सत परन्तु पारमार्थिक रूप से प्रत्यात्मक है।

युक्ति (R) : आनुभविक जगत की वास्तविकता कान्ट के देश और काल के सिद्धान्त से सम्बंधित है।

निम्नलिखित में से कौनसा सही उत्तर है?

(A) दोनों (A) और (R) सत्य है, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) दोनों (A) और (R) सत्य है, और (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सत्य है, (R) असत्य है।

(D) (A) असत्य है, पर (R) सत्य है।

www.examrace.com

41. Assertion (A) : For St. Anselm, deducing the existence of God from the concept of 'the greatest possible being' is certified by the authority of the Bible.

Reason (R) : The greatest possible being, for St. Anselm, necessarily exists.

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) (A) is true, (R) is false

(D) (A) is false, (R) is true

42. Assertion (A) : The human soul is, for Descartes, wholly outside the natural order.

Reason (R) : The human body is wholly inside the natural order.

(A) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A)

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A)

(C) (A) is true, (R) is false

(D) (A) is false, (R) is true

43. Viśiṣṭadvaita maintains that the ultimate reality is :

(A) Pure consciousness

(B) Material

(C) Organic unity of *Cit* and *Acit*

(D) Manifold only

44. The supreme authority of morality, according to Kant is :

(A) Emotion

(B) Customs

(C) Authoritarianism

(D) Conscience

45. According to Gandhi *Satyagraha* means :

(A) Sacrificing Truth

(B) Speaking the Truth

(C) Sticking to the Truth

(D) None of them

46. Swami Vivekananda's thought is known as :

(A) Practical Yoga

(B) Integral Yoga

(C) Practical Vedanta

(D) Raja Yoga



www.examrace.com

41. **कथन** (A) : संत एन्सलम के अनुसार ईश्वर के अस्तित्व का 'सर्वोत्तम संभाव्य सत्ता' के प्रत्यय के आधार पर किया गया अनुमान बाइबिल की आप्तता से प्रमाणित होता है।

**युक्ति** (R) : संत एन्सलम के अनुसार 'सर्वोत्तम संभाव्य सत्ता' अनिवार्यतः अस्तित्व रखती है।

(A) दोनों (A) और (R) सत्य है, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) दोनों (A) और (R) सत्य है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सत्य है, (R) असत्य है।

(D) (A) असत्य है, और (R) सत्य है।

42. **कथन** (A) : डेकार्ट के अनुसार मानवीय आत्मा प्राकृतिक व्यवस्था से सर्वथा बाह्य है।

**युक्ति** (R) : मानवीय शरीर प्राकृतिक व्यवस्था के सर्वथा अन्तर्गत है।

(A) दोनों (A) और (R) सत्य है, और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) दोनों (A) और (R) सत्य है, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(C) (A) सत्य है, (R) असत्य है।

(D) (A) असत्य है, (R) सत्य है।

43. विशिष्टाद्वैत प्रतिपादित करता है कि, परम तत्त्व है :

(A) विशुद्ध चैतन्य (B) जड़

(C) चित् और अचित् की आंगिक एकता (D) केवल बहुरूपी

44. कान्ट के अनुसार नीति का सर्वोच्च स्रोत है :

(A) संवेग (B) रीतिरिवाज

(C) [illegible] (D) अन्तःचेतना

45. गाँधी के अनुसार सत्याग्रह का तात्पर्य है :

(A) सत्य का त्याग करना (B) सत्य बोलना

(C) सत्य पर टिका रहना (D) इनमें से कोई नहीं

46. स्वामी विवेकानन्द के विचार को जाना जाता है :

(A) व्यावहारिक योग (B) एकात्म योग

(C) व्यावहारिक वेदान्त (D) राज योग

www.examrace.com

*Read the following passage and answer the questions based on it :*

"The very face of the truth is covered by a golden lid. O Pusan! uncover the lid, so that I may see the truth".

*From the statement given above identify the correct alternatives mentioned in question numbers 47 and 48.*

47. (A) The truth can be covered by falsity
    (B) The truth cannot be covered by falsity
    (C) Truth can be covered as well as not covered by falsity
    (D) None of these

48. (A) If the truth is covered by falsity it can be uncovered
    (B) If the truth can be covered by falsity it cannot be uncovered
    (C) If the truth is covered by falsity it may be uncovered or it may remain covered
    (D) None of these

*Read the following passage and answer the questions based on it :*

The 'persistent ideals of the race are at once the contradiction of its normal experience and the affirmation of higher and deeper experiences which are abnormal to humanity and only to be attained, in their organised entirety, by a revolutionary individual effort'.

*- Sri Aurobindo*

*From the statement given above, identify the correct alternatives mentioned in question numbers 49 and 50.*

49. (A) The normal experience of human race is opposed to the persistent ideals of the race
    (B) The normal experience of human race is not opposed to persistent ideals of the race
    (C) The normal experience of human race is opposed as well as unopposed to persistent ideals of the race
    (D) None of these

50. (A) The persistent ideals of the race can be attained by a revolutionary individual effort
    (B) The persistent ideals of the race cannot be attained by a revolutionary individual effort
    (C) The persistent ideals of the race may or may not be attained by a revolutionary individual effort.
    (D) None of these

- o O o -



www.examrace.com

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िये और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :**

''सत्य का मुँह स्वर्णमय ढक्कन से आवृत है। हे पूषन! इसे अनावृत कीजिये, जिससे मैं सत्य को देख सकूँ।''

***उपर्युक्त वक्तव्य से प्रश्न संख्या 47 और 48 में उल्लिखित विकल्पों में से सही विकल्पों को चुनें।***

47. (A) सत्य, मिथ्यात्व से आवृत हो सकता है।
    (B) सत्य, मिथ्यात्व से आवृत नहीं हो सकता है।
    (C) सत्य, मिथ्यात्व से आवृत भी हो सकता है और आवृत नहीं भी हो सकता है।
    (D) इनमें से कोई नहीं

48. (A) यदि सत्य, मिथ्यात्व से आवृत है तब यह अनावृत हो सकता है।
    (B) यदि सत्य, मिथ्यात्व से आवृत हो सकता है तब यह अनावृत नहीं हो सकता है।
    (C) यदि सत्य, मिथ्यात्व से आवृत है तब यह अनावृत हो भी सकता है अथवा यह आवृत भी रह सकता है।
    (D) इनमें से कोई नहीं

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िये और इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये :**

''मानवजाति के सटल आदर्श एक ओर तो उसके सामान्य अनुभव के विरुद्ध हैं और दूसरी ओर उसके उच्चतर और गम्भीरतर अनुभवों का समर्थन करते हैं, ये दूसरे प्रकार के अनुभव वे हैं जो मानव जाति के लिये असामान्य हैं और जिनकी व्यवस्थित और पूर्णरूप में प्राप्ति केवल व्यक्तिगत क्रान्तिकारी प्रयास से हो सकती है।''

– ***श्री अरविन्द***

***उपर्युक्त वक्तव्य से प्रश्न संख्या 49 और 50 में उल्लिखित विकल्पों में से सही विकल्पों को चुनें :***

49. (A) मानवजाति का सामान्य अनुभव उसके सटल आदर्श के विरुद्ध है।
    (B) मानवजाति का सामान्य अनुभव उसके सटल आदर्श के अविरुद्ध है।
    (C) मानवजाति का सामान्य अनुभव उसके सटल आदर्श के विरुद्ध और अविरुद्ध दोनों है।
    (D) इनमें से कोई नहीं

50. (A) मानवजाति के सटल आदर्शों की प्राप्ति व्यक्तिगत क्रान्तिकारी प्रयास से हो सकती है।
    (B) मानवजाति के सटल आदर्शों की प्राप्ति व्यक्तिगत क्रान्तिकारी प्रयास द्वारा नहीं हो सकती है।
    (C) मानवजाति के सटल आदर्श की प्राप्ति व्यक्तिगत क्रान्तिकारी प्रयास से हो भी सकती है और नहीं भी हो सकती है।
    (D) इनमें से कोई नहीं

- o O o -

www.examrace.com